ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – पाँच **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

नाम-..................................... कक्षा-................... अनुभाग-.......................

अपठित बोध

प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बहुत समय पहले की बात है, एक छोटा सा गाँव था जहाँ लोग बहुत मेहनती थे। गाँव के सभी लोग एक-दूसरे की मदद करते थे और खुश रहते थे। एक दिन गाँव में एक साधु आया। साधु ने देखा कि गाँव के लोग बहुत मिलजुलकर रहते हैं, लेकिन उनमें से कोई भी खुश नहीं है। साधु ने गाँव के मुखिया से पूछा, "क्या तुम्हारे गाँव के लोग खुश नहीं हैं?" मुखिया ने उत्तर दिया, "साधु महाराज, हम सब मिलजुलकर रहते हैं और एक-दूसरे की मदद भी करते हैं, लेकिन फिर भी हमारे दिल में संतोष नहीं है।" साधु ने गाँव वालों को बुलाया और उन्हें समझाया, "सच्ची खुशी केवल दूसरों की मदद करने में नहीं, बल्कि खुद को पहचानने और अपने दिल की सुनने में है। अगर तुम लोग अपनी इच्छाओं को पहचानोगे और उन्हें पूरा करने की कोशिश करोगे तो तुम्हारे दिल में सच्ची संतोष और खुशी होगी।" गाँव के लोग साधु की बात सुनकर बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने अपने-अपने दिल की बात सुनी और अपने सपनों को पूरा करने के लिए काम करना शुरू कर दिया। जल्द ही, गाँव में हर कोई खुश और संतुष्ट था |

(क) गाँव के लोग किसकी मदद करते थे ?

(i) साधु की (ii) एक-दूसरे की (iii) राजा की

(ख) साधु ने गाँव वालों को क्या समझाया?

(i) खुश रहने का महत्त्व (ii) मेहनत करने का महत्त्व (iii) यात्रा का महत्त्व

(ग) गाँव के लोग किस बात से प्रभावित हुए?

(i) साधु की बातें सुनकर (ii) राजा के आदेश से (iii) नई योजनाओं से

(घ) ‘मेहनती’ शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए |

(ङ) ‘गाँव’ शब्द का विलोम शब्द लिखिए |

पाठ्यपुस्तक

प्रश्न-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए -

(क) करवीर राज्य में किस बात की कमी थी ?

(ख) राजा को किस रंग की अँगूठी पहननी चाहिए और क्यों ?

(ग) करवीर के राजा को पत्र का उत्तर देने कौन गया था ?

(घ) शाही दरबार में काम करने के लिए कौन-सी गुड़िया सही थी और क्यों **?**

प्रश्न-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) सेनापति को .... रंग की अँगूठी पहननी चाहिए |

(ख) युवक ने राजा के सामने कद्दू वाला .... मटका रख दिया |

(ग) बैलगाड़ी में .... बिछी थी |

(घ) करवीर राज्य के राजा का नाम .... था |

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) साधारण
(ख) बुद्धिमान
(ग) कार्यान्वित
(घ) विश्वासपात्र

व्याकरण

प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

(क) स्वाधीन-

(ख) नवीन-

(ग) क्रय-

(घ) आस्तिक-

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – पाँच **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

नाम-...................................... कक्षा-.................... अनुभाग-........................

पाठ्यपुस्तक

प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए -

(क) सज्जन धन का संचय क्यों करते हैं ?

(ख) अनमोल किसे कहा गया है ?

(ग) प्रेमरूपी धागा टूटने का क्या परिणाम हो सकता है ?

(घ) हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए **?**

प्रश्न-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) जीवन की तुलना .... से की गई है |

(ख) कबीरदास के अनुसार .... के बराबर तप नहीं है |

(ग) सज्जन दूसरों के हित के लिए संपत्ति का .... करते हैं |

(घ) ऐसी .... बोलनी चाहिए जिससे दूसरों को सुख मिले |

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) तरुवर
(ख) सुजान
(ग) सुमिरन
(घ) माखी

प्रश्न-4 सही उत्तर छाँटकर ✓ का निशान लगाइए ।

(क) तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान।

(i) तालाब का पानी नहीं पीना चाहिए।

(ii) फल तोड़कर नहीं खाना चाहिए।

(iii) पेड़ अपने फल और तालाब अपना जल दूसरों को देते हैं।

(iv) पेड़ और तालाब भूखे-प्यासे रहते हैं।

(ख) रात गँवाई सोय के, दिवस गँवाया खाय।

(i). रात को सोना और दिन को खाना चाहिए।

(ii) रात सोने में और दिन खाने में ही गँवा दिया।

(iii) परिश्रम के बिना सोने और खाने को नहीं मिलता।

(iv) रात को सोना और दिन को खाना नहीं चाहिए।

प्रश्न-5 निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर 'मेरा विद्यालय' विषय पर 70-80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।

बगीचा, इमारत, अध्यापक-अध्यापिकाएँ, विद्यालय का नाम,

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – पाँच **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

नाम-..................................... कक्षा-.................... अनुभाग-........................

व्याकरण

प्रश्न-1 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए -

(क) अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहे हैं ।

(ख) कवि ने एक कविता लिखी ।

(ग) वह बहुत गुणवान है ।

(घ) पुजारी जी पूजा कर रहें हैं ।

प्रश्न-2 रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए -

(क) चिड़िया चहक रही है ।

(ख) आसमान में पतंगें उड़ रही हैं ।

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए-

(क) तिथि-

(ख) मक्खी-

(ग) दर्शक-

(घ) तुम-

प्रश्न-4 सही उत्तर छाँटकर ✓ का निशान लगाइए ।

(क) नीचे दिए गए वाक्य में सर्वनाम शब्द चुनिए:

‘रीमा ने कहा कि वह बाजार जा रही है।’

(i) रीमा (ii) कहा (iii) वह (iv) बाजार

(ख) 'तुम कहाँ जा रहे हो?' वाक्य सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है ?

(i) प्रश्नवाचक (ii) निश्चयवाचक (iii) अनिश्चयवाचक (iv) संबंधवाचक

ग) "जैसी करनी वैसी भरनी|" वाक्य सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है ?

(i) प्रश्नवाचक (ii) निश्चयवाचक (iii) अनिश्चयवाचक (iv) संबंधवाचक

(घ) चाय में कुछ गिर गया | वाक्य सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है ?

(i) प्रश्नवाचक (ii) निश्चयवाचक (iii) अनिश्चयवाचक (iv) संबंधवाचक

प्रश्न-5 अपनी बहन को योगासन करने के लिए प्रेरित करते हुए 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए।